तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 20 दिसंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



4

शहर में गूंजा मैरी क्रिसमस, मसीही समाज ने निकाली प्रेम जुलूस




## खबर संक्षेप

### जिले में अतिरिक्त सखी वन स्टॉप सेन्टर की मिली स्वीकृति

**कोरबा।** कटघोरा में एक अतिरिक्त सखी वन स्टॉप सेन्टर संचालन की स्वीकृति शासन द्वारा प्रदान की गई है। सखी वन स्टॉप के संचालन हेतु पात्र आवेदकों से 31 दिसंबर तक विभाग की वेबसाईट पर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया है। निर्धारित तिथि पश्चात आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग से संपर्क किया जा सकता है।

### राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान 21 को

**कोरबा।** विश्व पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो का आयोजन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के दिशा निर्देशन में सम्पूर्ण प्रदेश में 21 दिसम्बर से तीन दिवसीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य 0 से 5 वर्ष के सभी बच्चों को एक साथ पोलियो की खुराक पिलाकर पोलियो वायरस से प्रतिरक्षण किया जाएगा। अभियान के पहले दिन 21 दिसम्बर को बूथ स्तर पर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी तथा अभियान के दूसरे दिन 22 दिसम्बर तथा तीसरे दिन 23 दिसम्बर को छुटे हुए समस्त बच्चों को कार्यकर्ता द्वारा घर घर भ्रमण कर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। विकासखंड कोरबा में 19 हजार 558, कटघोरा में 19 हजार 626, करतला में 22 हजार 732, पाली में 25 हजार 409, पोड़ीउपरोड़ा में 29 हजार918 एवं शहरी क्षेत्र में 55 हजार 180 इस प्रकार कुल 01 लाख 72 हजार 423 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाये जाने का लक्ष्य है। लक्ष्य प्राप्ति हेतु जिले में पोलियो की खुराक पिलाने हेतु विकासखंड कोरबा में 351, कटघोरा में 203, करतला में 201, पाली में 234, पोड़ीउपरोड़ा में 267 एवं शहरी क्षेत्र में 322 इस प्रकार कुल 1578 बूथ में 3840 स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानीनों को अधिकृत किया गया हैं।

### अग्निवीर भर्ती के लिए एडमिट कार्ड जारी

**कोरबा।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा 10 से 24 जनवरी तक इंडोर स्टेडियम धमतरी में सभी जिलों के पुरूष उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर क्लर्क/स्टोरकीपर व अग्निवीर ट्रेडसमेन 10 वीं व 8 वीं का आयोजन किया जा रहा है। सेना द्वारा 30 जून से 10 जुलाई तक ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था। ऑनलाईन परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवार शारीरिक दक्षता सहित और अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में भाग ले सकेंगे। रैली में भाग लेने वाले योग्य उम्मीदवार को प्रवेश पत्र वेबसाईट और उनकी ईमेल पर भेज दिया गया है। भर्ती में हिस्सा लेने के लिए एडमिट कार्ड व सभी दस्तावेज रैली अधिसूचना के अनुसार और साथ में आधार कार्ड से लिंक मोबाईल भी लेकर आना अनिवार्य है।

### प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 22 और 23 को

**कोरबा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र के द्वारा 22 दिसंबर को आईटीआई करतला एवं 23 दिसंबर को आईटीआई रामपुर कोरबा में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेन्ट कैम्प के माध्यम से सुजुकी मोटर्स (कैरियर ट्री) गुजरात के द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। जिनमें अप्रेन्टिशीप, एफटीसी के कुल 440 रिक्त पदों के लिए निर्धारित किया गया है। प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने हेतु आवेदकों का रोजगार पंजीयन एवं ई.रोजगार पोर्टल में इच्छुक पदों पर ऑनलाईन अप्लाई किया जाना अनिवार्य है। इच्छुक आवेदक/ आवेदिकाएं उक्त तिथि को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक उपस्थित होकर अपने योग्यतानुसार रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

### बालको वन परिक्षेत्र के गौरबोरा में अलसुबह हुई घटना

# कटघोरा से दंतैल पहुंचा बालको, पुत्र को उतारा मौत के घाट, पिता की बची जान

### कोठार में रखे धान को चट कर रहा था दंतैल, मकान को भी किया ध्वस्त



सड़क पार करता दंतैल।



घटनास्थल पर पहुंची वन विभाग की टीम।



दंतैल द्वारा क्षतिग्रस्त किया गया मकान ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

घर के आंगन में पिता पुत्र अलाव ताप रहे थे कि इस बीच कोठार में रखे धान को खाने के लिए एक दंतैल हाथी पहुंच गया तभी खलिहान से आवाज आई, पिता पुत्र यह देखने गये कि आखिर कोठार में क्या है, जहां दंतैल हाथी को देखकर उनके होश उड़ गए और भगाने के दौरान दंतैल हाथी ने पुत्र को पकड़ लिया और उसे पटककर मौत के घाट उतार दिया जबकि पिता ने घर के भीतर घुसकर किसी तरह अपनी जान बचाई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। वहीं दूसरी ओर वन विभाग की टीम ने मृतक के परिजनों को वन विभाग की ओर से प्राथमिक सहायता राशि प्रदान की है।

जानकारी के अनुसार बिलासपुर वन मंडल के सीपत से कटघोरा वन मंडल के चैतमा और जटगा रेंज में दो लोगों को मौत की घाट उतारने के बाद दंतैल हाथी गुरुवार की रात को कोरबा वन मंडल के बालको रेंज आ धमका था। बताया जाता है कि अलसुबह लगभग 5:45 में बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत गौरबोरा निवासी महेंद्र मंझवार उम्र 45 वर्ष अपने पिता चमरा सिंह के साथ आंगन में अलाव जलाकर ताप रहे थे कि इसी बीच घर के ठीक पीछे स्थित कोठार में रखे धान को चरने की आवाज आई तो पिता पुत्र यह समझे कि किसी मवेशी ने कोठार में रखे धान को चट कर रहा है जिसके उपरांत दोनों मवेशी को खदेड़ने के लिए पहुंचे तो उन्होंने जाकर देखा तो



मृतक।

दंतैल हाथी कोठार में रखे धान को चट कर रहा था। यह देखते ही उनके होश उड़ गए और दोनों पिता पुत्र भागने की कोशिश करने लगे इस बीच पिता चमरा सिंह अपने घर के भीतर घुस गया और उसका पुत्र महेंद्र सिंह दीवाल फांदकर सड़क की ओर भागने लगा। दंतैल हाथी पीछा करते हुए महेंद्र सिंह मंझवार को अपनी जद में ले लिया और पटक पटककर मौत के घाट उतार दिया। लगभग 15 से 20 मिनट तक दंतैल हाथी आसपास क्षेत्र में आतंक मचा रहा था जैसे ही वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को इसकी सूचना मिली वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और किसी तरह दंतैल हाथी को खदेड़ा गया। मामले में पुलिस वैधानिक कार्यवाही कर महेंद्र सिंह के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है वहीं दूसरी ओर बालको वन परिक्षेत्र अधिकारी जयंत सरकार व उनकी टीम ने मृतक महेंद्र मंझवार के परिजनों को वन विभाग की ओर से प्राथमिक सहायता की राशि 25 हजार रुपए प्रदान कर दी है, जबकि शेष राशि वैधानिक कार्यवाही उपरांत प्रदान की जाएगी।

#### अब तक तीन लोगों को उतर चुका है मौत के घाट

दंतैल हाथी करतला वन परिक्षेत्र से होते हुए मड़वारानी के जंगल से सीधे बलौदा के जंगल से होते हुए सीपत जा पहुंचा था। सीपत में कई दिनों तक उत्पात मचाने के बाद कटघोरा वन मंडल पहुंचा था, जिसने पिछले दो दिनों में कटघोरा और जटगा रेंज में दो लोगों को मौत के घाट उतार दिया है। जिसके उपरांत अब यह दंतैल हाथी कोरबा वन मंडल पहुंच गया है। पूर्व में एक ग्रामीण को मौत की घाट उतार दिया था। पिछले तीन दिनों में दंतैल हाथी ने तीन लोगों की जान ले चुका है। लगातार यह हाथी आक्रामक हो रहा है और लोगों को अपना निशाना बना रहा है, इससे वन विभाग के परेशानी और बढ़ गई है।

#### मुनादी कर लोगों को किया जा रहा सजग

कोरबा वन मंडल अधिकारी प्रेमलता यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि दंतैल हाथी के निगरानी के लिए अलग से टीम गठित की गई है जो देर शाम से लगातार हाथी प्रभावित क्षेत्रों में पहुंच कर मुनादी कर लोगों को सजग व सावधान कर रही है। इसके अलावा दंतैल हाथी उत्पात न मचा सके इसके लिए ड्रोन कैमरे के माध्यम से भी उसकी ट्रैकिंग की जा रही है। ग्रामीणों को लगातार बताया जा रहा है कि वह अपने घरों से बाहर न निकले। ग्रामीणों के साथ मिलकर वन विभाग की टीम लगातार मुस्तैदी से जंगल में दंतैल हाथी को खदेड़ने का प्रयास कर रही है।

### निगम के सभी 7 जोन में आयोजित होंगे गुड गवर्नेंस वीक शिविर

**कोरबा।** नगर पालिक निगम के सभी 7 जोन कार्यालयों में शनिवार से लेकर 25 दिसम्बर तक प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक गुड गवर्नेस वीक शिविरों का आयोजन किया जाएगा, उक्त शिविरों में निगम से संबंधित समस्त कार्यो, शिकायतों, समस्याओं आदि के आवेदन आमजन से प्राप्त किए जाएंगे तथा उनका संतुष्टिपूर्ण व त्वरित निराकरण किया जाएगा। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों के तहत नगर पालिक निगम के सभी जोन में गुड गवर्नेस वीक पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा, इन शिविरों में जन्म-मृत्यु पंजीयन, व्यापार अनुज्ञप्ति, विवाह प्रमाण पत्र, भवन अनुज्ञा, जलकर एवं सम्पत्तिकर, स्वच्छता एवं साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, नल कनेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, नामांतरण, स्वरोजगार के प्रकरण आदि कार्यो के साथ-साथ नल लिकेज, नलों में पानी न आना, नालियों, गलियों की सफाई, सार्वजनिक नलों से पानी का बहाव, कचरे की सफाई व परिवहन, टूटी-फूटी नालियों का मरम्मत, सड़कों के गड्ढे पाटना, स्ट्रीट लाईट के बल्ब, ट्यूब आदि का बंद रहना आदि से जुड़ी समस्याओं, शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण व त्वरित निराकरण इन शिविरों में किया जाएगा। शासन से प्राप्त निर्देशों के तहत आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के निर्देश पर निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने उक्ताशय का आदेश जारी कर निगम के सभी जोन में उक्त शिविरों के आयोजन के निर्देश दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार निगम के अधीक्षण अभियंता गुड गवर्नेस वीक के मुख्य नोडल अधिकारी बनाए गए हैं।

## जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यटन पर रहेगा विशेष फोकस : दुदावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यटन पर विशेष फोकस रहेगा। आम जनता के लिए शासन की महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने का प्रयास रहेगा। डीएमएफ में पारदर्शिता के साथ कार्य किया जाएगा। साथ ही डीएमएफ के सभी कार्यों की जानकारी पोर्टल में अपलोड करने की व्यवस्था की जाएगी।

उक्त बातें जिले के नवपदस्थ कलेक्टर कुणाल दुदावत ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान कही। श्री दुदावत ने कहा कि डीएमएफ में पारदर्शिता के साथ काम किया जाएगा। इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। डीएमएफ से जुड़े किसी भी कार्य में गड़बड़ी की शिकायत सीधे मुझे फोन कर या फोन पर संपर्क नहीं होने पर वाट्सअप के जरिये दिया जा सकता है। हमारा प्रयास रहेगा कि जिले में खेल व शिक्षा को बढ़ावा दिया जाए। जिला व ब्लॉक स्तर पर प्रतिभावान खिलाड़ियों के लिए ग्राउंड व सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर

⏭ शेष पेज 3 पर




नवपदस्थ कलेक्टर कुणाल दुदावत।

#### 19वें कलेक्टर के रूप में किया पदभार ग्रहण

जिले के 19वें कलेक्टर के रूप में वर्ष 2017 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी कुणाल दुदावत ने शुक्रवार को औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। इस दौरान डीएफओ कटघोरा कुमार निशांत, डीएफओ प्रेमलता यादव, जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग, अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, एसडीएम सहित जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे। नवपदस्थ कलेक्टर कुणाल दुदावत इससे पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य के कोंडागांव एवं दंतेवाड़ा जिलों में कलेक्टर के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वर्ष 2015 में उनका चयन भारतीय पुलिस सेवा के लिए हुआ, साथ ही भारतीय वन सेवा में भी उनका चयन हुआ था। आईपीएस प्रशिक्षण के दौरान ही उन्होंने यूपीएससी का तीसरा प्रयास दिया और 669वीं रैंक के साथ भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित हुए। कुणाल दुदावत ने 11 दिसंबर 2017 को आईएएस सेवा जॉइन की। उनकी फील्ड ट्रेनिंग बिलासपुर जिले में सहायक कलेक्टर के रूप में हुई। इसके पश्चात वे बिलासपुर जिले के कोटा अनुविभाग में एसडीएम तथा महासमुंद जिले के सरायपाली अनुविभाग में एसडीएम के रूप में पदस्थ रहे। बाद में उनकी नियुक्ति कोरिया जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर हुई। इसके बाद वे बिलासपुर नगर निगम आयुक्त एवं बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक के रूप में पदस्थ रहे। बिलासपुर के बाद उनकी पहली कलेक्टर पदस्थापना कोंडागांव जिले में हुई, तत्पश्चात वे दंतेवाड़ा जिले के कलेक्टर के रूप में सेवाएं दे रहे थे। वहां से स्थानांतरित होकर अब उन्होंने जिले के कलेक्टर के रूप में कार्यभार संभाला है।

## गिरफ्तारी की मांग को लेकर पीड़िता के परिजनों ने एसपी से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चैतमा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बनबांधां में एक घटना सामने आई है, जहां एक युवक ने एआई का दुरुपयोग कर 15 साल की नाबालिग छात्रा को ब्लैकमेल कर रहा था। युवक ने छात्रा की तस्वीरों और वीडियो को एआई की मदद से अश्लील बनाकर उसे डराया-धमकाया था। परिजनों के शिकायत पर पुलिस ने आरोपी रतिराम यादव के विरूद्ध धारा 79, 351(2), 67, 67 (बी) बीएनएस एवं 12 लैगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की पतासाजी में जुट गई। मामले में अपराध पंजीबद्ध होने के बाद आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर पीडित परिवार चैतमा चौकी पहुंचकर आरोपी रतिराम यादव की गिरफ्तारी की मांग करने लगे थे लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर पीड़िता के परिजन शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे थे जहां आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है।



पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपने के बाद पीड़िता के परिजन।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 969. ईशांत मानिकपुरी पिता\पति कीर्तन मानिकपुरी पता- आर.डी.ए. कॉलोनी रायपुरा, 970. लविश राठौर पिता\पति सतेन्द्र राठौर पता- गली न. 2 A अक्षत विहार, 971. वंदना तेकाम पिता\पति प्रदीप कुमार पता- गंगा नगर पंडरी रायपुर, 972. हुमन विश्वकर्मा पिता\पति कृपा राम विश्वकर्मा पता- दोंदेकला रायपुर, 973. जिया श्री साहु पिता\पति तिजेंद्र कुमार साहु पता- अयोध्या नगर न्यू चंगोरा भाटा, 974. उदय वीर सिंह पिता\पति शिव शंकर सिंग पता- वार्ड न.- 43 पुरानी बस्ती रायपुर, 975. नोहर लाल साहू पिता\पति मेघनाथ साहू पता- काशी राम नगर रायपुर, 976. अंश कुमार निषाद पिता\पति दीपक निषाद पता- कुम्हार पारा फाफाडीह, 977. दुलारी तांडी पिता\पति जय लाल ठाकुर पता- B.S.U.P कॉलोनी ब्लाक न.- 24, 978. चित्रेखा पिता\पति जे.आर साहु पता- H-26 पुलिस लाइन रायपुर, 979. प्रशांत यदु पिता\पति घनश्याम यदु पता- नयापारा भैर, 980. डामेश्वर नगारची पिता\पति पुरुषोत्तम नगारची पता- दरबा, 981. शुभम पाण्डेय पिता\पति देवेन्द्र पाण्डेय पता- महिमा सागर वार्ड धमतरी, 982. निर्मला बाफना पिता\पति टीकम चंद बाफना पता-दीनदयाल कॉलोनी कौरीन भाठा राजनादगांव, 983. कीर्तन लाल साहू पिता\पति श्री रमेश कुमार साहू पता-बेलटिकरी राजनादगांव, 984. गजेन्द्र सिंह भारतद्वाज पिता\पति श्री सी. एस. भारतद्वाज पता-विजय वार्ड न. -2 जगदलपुर, 985. भुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति पूरण दास मानिकपुरी पता-महासमुंद, 986. हर्षिता वर्मा पिता\पति दुर्गेश कुमार वर्मा पता-शिवानन्द कॉलोनी महासमुंद, 987. शौर्य नेताम पिता\पति श्री तोरण राम नेताम पता-प्रोफेसर कॉलोनी कवर्धा, 988. वंदना साहू पिता\पति विष्णु राम साहू पता-भैंसा, 989. हेमंत कुमार वर्मा पिता\पति राजेश कुमार वर्मा पता-आर.के.जी. स्कूल के पास, 990. राजदीप साहु पिता\पति गोपी राम साहु पता-बलोदा बाज़ार, 991. स्वरा वैष्णव पिता\पति सिद्धार्थ वैष्णव पता-सरगीपाल कोंडागांव, 992. समृद्धि यादव पिता\पति मनीष कुमार यादव पता-डी.एन. के. कोंडागांव, 993. भव्य ठौक पिता\पति संदीप ठौक पता-सेक्ट.-01 भिलाई, 994. गरिमा पटेल पिता\पति श्री देवेन्द्र कुमार पटेल पता-दुर्ग, 995. कौशल राज सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 996. रमनदीप कौर भाटिया पिता\पति करनल सिंग भाटिया पता-संतरा बाड़ी दुर्ग, 997. अश्वनी कुमार पाण्डेय पिता\पति स्व. चंदू लाल पाण्डेय पता-म.न. -255 वार्ड -6 ठेठवार पारा दुर्ग, 998. तुषार वर्मा पिता\पति दिलीप कुमार वर्मा पता-हथखोज भिलाई, 999. श्री पुरुषोत्तम लाल साहू पिता\पति श्री जोखू राम साहू पता-शीतला पारा हथखोज वार्ड न. -2 भील -3 चरोदा, 1000. मुकेश गोयल पिता\पति स्व. श्री मन्ना राम गोयल पता-कापला मार्केट के पास खुर्सीपार, 1001.यशवंत कुमार साहू पिता\पति स्व. श्री मदन लाल साहू पता-हरिनगर कातुल बोर्ड दुर्ग, 1002. रोशन कुमार बघमार पिता\पति मन्नू लाल बघमार पता-ढीमर पारा हनुमान टेम्पल दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण –** 1003. अजय कुमार पासवान पिता/पति - स्व. इंद्रदेव पासवान पता - बनारस रोड गांधी नगर 1004. अर्चना चौबे पिता/पति - सच्चि दानंद पांडे पता- शंकरघाट अम्बिकापुर 1005. अलंकार नायक पिता/पति - श्री ओंकार नाथ नायक पता - विश्रामपुर 1006. श्रीमती पविता यादव पिता/पति - श्री मनबोध राम यादव पता- हरीदेवेंद्र कालोनी बी- 32 अम्बिकापुर 1007. बिन्दु पिता/पति - संबोधीत सरजुन पता- हरीदेवेंद्र कालोनी एन - 20 महादेव पारा अम्बिकापुर 1008. विनीति श्रीवास्तव पिता/पति - विवेक श्रीवास्तव पता- अम्बिकापुर 1009. डॉ . पंकज त्रिपाठी पिता/पति- स्व. आर.के.त्रिपाठी पता - सत्ती पारा अम्बिकापुर 1010. श्री जल यादव पिता/पति - सतीश यादव पता- बड़सार भैयाथान 1011. आसिम अहमद पिता/ पति - जहरुद्दीन आजाद पता - मोमीनपुरा अम्बिकापुर 1012. आमिष यादव पिता/पति- श्री राम गेवरा यादव पता- अम्बिकापुर सरगुजा 1013. कु. सुदीक्षा मिश्रा पिता/पति -प्रवीण कुमार मिश्रा पता - मिशन चौक अम्बिकापुर 1014. गुलशन गोयल पिता/पति- श्री शिव कुमार गोयल पता- मायापुर पीपल मार्ग अबिकापुर 1015. दिनेश कुमार पिता/पति - शिव प्रसाद पता - नमनकला गंगापुर 1016. निग राज प्रसाद लवनेश पिता/पति - श्री राम सुजान पता - गंगापुर खुर्द अबिकापुर 1017. मीता पिता/पति - महावीर राजवाड़े पता- मंहगाई सूरजपुर 1018. रवि भूषण दुबे पिता/पति - अरुण कुमार दुबे पता - होउसिंग बोर्ड कालोनी नमनकला 1019. मकसूद अहमद पिता/पति - मंजूर अहमद पता - बरेजपारा अम्बिकापुर 1020. दोमोनिक टोप्पो पिता/पति - मारकठा टोप्पो पता - बलरामपुर 1021. मानसी सिन्हा पिता/ पति- सचिन्द्र सिन्हा पता- गांधी नगर अम्बिकापुर 1022. सौरभ तिवारी पिता/पति - जितेंद्र तिवारी पता - बलरामपुर 1023. साक्षी केशरी पिता/पति - विजय कुमार गुप्ता पता - बसंत मार्ग इमलीपारा 1024. समृदि त्रिपाठी पिता/पति - आनंद प्रकाश त्रिपाठी पता - ब्रह्म रोड अम्बिकापुर 1025. कल्पनाथ भगत पिता/पति - स्व . रुपचन्द भगत पता- गांधी नगर सोनी मोहला ,**भोपाल संस्करण –** 1026. हर्षित सिंह राजपूत पिता\पति - बादल सिंह राजपूतभोपाल, 1027. रीना राजपूत पिता\पति - रनवीर गौरकरोदभोपाल, 1028. राम सिंह पिता\पति - देवी अफजल खान जिंसी,1029. सुखदेव पाटील पिता\पति- स्व नत्थू पाटीलन्यू बाग मुगलियाभोपाल, 1030. आनंद सिंह चावड़ा पिता\पति - मोहन सिंह भोपाल, 1031. साफिया पिता\पति - मो. शोयेब नियर वॉटर टैंकनवीन रंभा नगरनिशातपुरा, 1032. भारती चौधरी पिता\पति - 53 नई जेल रोडरतन कॉलोनी करोद, 1033. मुश्ताक मो. खान पिता\पति - आफाक मो. खानश्रद्धा कॉलोनीनारियल खेड़ा, **जबलपुर संस्करण –** 1034. दीपक दुबे पिता\पति - श्री राजेंद्र दुबे कटनी, 1035. श्रीमती सरोज गुप्ता पिता\पति - कैलाश चंद गुप्ता जबलपुर, 1036. वैदेही तिवारी पिता\पति - मनीष तिवारी जबलपुर, 1037. पूनम शर्मा पिता\पति - श्री प्रणय कुमार शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1038. देवांश कोटवानी पिता\पति - श्री अनिल कोटवानी अनूपपुर, 1039. प्रणय कुमार शर्मा पिता\पति - श्री गोविंद प्रसाद शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1040. विमलेंद्र कुमार शर्मा पिता\पति - स्व: वसंत राम शर्मा वार्ड क्रमांक 14 पुरानी बस्ती अनूपपुर, 1041. जितेंद्र नंदवानी पिता\पति - राजल दास नंदवानी बाबा नारायण शाह वार्ड माधव नगर कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### प्रशासन गांव की ओर अभियान 25 तक

**बिलासपुर।** भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत मंत्रालय के तत्वावधान में 19 से 25 दिसम्बर तक प्रशासन गांव की ओर अभियान प्रारंभ किया जाएगा। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने अधिकारियों की साप्ताहिक टीएल बैठक में इसकी रूपरेखा बताते हुए तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए। अभियान का उद्देश्य जिले के विभागों की सक्रिय भागीदारी एवं सहयोग से सुशासन को बढ़ावा देना है। जनपद एवं पंचायत स्तर पर इस दौरान विशेष शिविरों का आयोजन कर जनता की शिकायतों का समाधान किया जाएगा। बैठक में नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, डीएफओ नीरज सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

### चाकू लहराते हुए एक आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** बिलासपुर। मेला परिसर में चाकू लेकर उपद्रव मचाते हुए एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू भी बरामद कर लिया है। गुरु घासीदास बाबा की जयंती के अवसर ग्राम भरनी में तीन दिवसीय सतनामी समाज द्वारा मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले के दूसरे दिन भीड़ होने के कारण थाना प्रभारी सकरी विजय चौधरी व स्टाफ सतत निगरानी एवं चेकिंग कर रहे है। शुक्रवार को चेकिंग के दौरान बाजार चौक अमेरी निवासी आशु बघेल पिता राजू बघेल उम्र 20 वर्ष चाकू के साथ पकड़ाया। इस दौरान वह राहगीरों को चाकू दिखा रहा था। पुलिस ने बड़ी घटना होने से पहले ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### बस ने मारी को टक्कर बाल-बाल बची जान

**बिलासपुर।** फेरी वाले की बाइक को बस ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार बाल-बाल बच गया, लेकिन बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। बाइक चालक ने बस चालक के खिलाफ सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार गोढावन थाना इंगोरिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश का रहने वाला रमेश साहू वर्तमान में मदनपुर रतनपुर में रहता है और फेरी लगाकर सामान बेचता है। सुबह 11 बजे वह तिफरा से रतनपुर की ओर जा रहा था। इस दौरान राजीव गांधी चौक के पास अपनी बाइक क्रमांक एमपी09 वीजेड 1742 से जा रहा था, तभी तेजी से बस क्रमांक सीजी 10 बीटी 8085 ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त भी की बाइक सहित चालक पास में खड़े रिक्शा पर गिर गया। इस दौरान बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और चालक को आसपास के लोगों ने बचाया।

### परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, जांच की मांग

**बिलासपुर।** 6 माह पहले पचरीघाट में मिले युवक की लाश के मामले में नया मोड़ सामने आया है। परिजन शुक्रवार को एसएसपी से मिलने उनके कार्यालय पहुंचें और युवक की मौत पर हत्या की आशंका व्यक्त की। इस दौरान परिजनों ने पुलिस पर जांच में लापरवाही बरतने की बात कही है। सीपत थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नरगोड़ा निवासी 26 वर्षीय राजेंद्र सूर्यवंशी उर्फ राजू की मौत का संदिग्ध तौर पर हो चुकी है, उनका शव 15 जुलाई को पचरी घाट में मिला था। उनके पिता सनोहरल लाल सूर्यवंशी सहित अन्य परिजनों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर मामले में हत्या की आशंका व्यक्त की और निष्पक्ष जांच की मांग की है। दरअसल पेंटिंग का काम करने वाला राजेंद्र अपनी पत्नी अनुपा सूर्यवंशी के साथ शनिचरी छात्रावास रोड स्थित अनिला टावर में रहता था। 13 जुलाई को राजेंद्र अचानक लापता हो गया था। अगले दिन 14 जुलाई को परिजनों ने सरकंडा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। इस दौरान 15 जुलाई को शव मिला था। परिजनों का आरोप है कि पंचनामा रिपोर्ट में सिटी कोतवाली पुलिस ने हत्या का मामला नहीं बनाया और परिजनों से बयान भी नहीं लिया है। जबकि पीएम रिपोर्ट में राजेंद्र के शरीर के अंदरूनी हिस्सों में गंभीर चोट के निशान और पसलियां टूटने की जानकारी मिली है। इन्हीं गंभीर आंतरिक चोटों को रिपोर्ट में मौत का कारण बताया गया है।

---

**वर्षों से मतदाता सूची में जुड़े हुए थे मृतकों के नाम** | **एसआईआर में जानकारी सामने आने के बाद सभी नाम हटाए जाएंगे**

# परलोक सिधार चुके जिले के 71 हजार 769 मतदाता, एसआईआर में खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर जिले में 71 हजार 769 मतदाता परलोक सिधार चुके हैं। इसका खुलासा एसआईआर के तहत डोर-टू-डोर मतदाताओं के सत्यापन व गणना फार्म भराने के दौरान हुआ है। अब तक इन मृतकों के नाम मतदाता सूची में चले आ रहे थे, जिसे अब प्रारंभिक प्रकाशन के पहले सभी नाम हटा दिए जाएंगे।

निर्वाचन आयोग के निर्देश पर निर्वाचन नामावली का गहन पुनरीक्षण अभियान एसआईआर अंतर्गत मतदाताओं के डोर-टू-डोर सत्यापन की तिथि 18 दिसंबर को समाप्त हो गई है। एसआईआर तहत सत्यापन एवं प्रत्येक मतदाताओं से गणना फार्म भराने का काम करीब डेढ़ माह तक चला है। मतदाताओं के डोर-टू-डोर सर्वे और गणना फार्म भराने का काम 4 नवंबर से शुरू हुआ था। पहले बीएलओ अपने-अपने बूथों से संबंधित क्षेत्रों में घर-घर जाकर गणना फार्म वितरित किए और बाद में भरे गए गणना फार्म को वापस जमा कराए। मतदाताओं के सत्यापन व गणना फार्म भराने की तिथि समाप्त होने के बाद अब



एसआईआर को लेकर फाइनल आंकड़ा सामने आने लगा है। एसआईआर के आंकड़ों से यह खुलासा हुआ है कि बिलासपुर जिले में 71 हजार 769 मतदाता परलोक सिधार चुके हैं। ये मतदाता इस दुनिया में नहीं है, किन्तु पिछले कई सालों से इनके नाम मतदाता सूची में चले आ रहे हैं। अलग-अलग समय में हुए संक्षिप्त पुनरीक्षण दौरान इन मृतकों के नाम मतदाता सूची से काटे नहीं गए थे और न ही उनके परिवार वालों द्वारा नाम कटवाएं गए थे। लेकिन एसआईआर तहत बीएलओ सत्यापन करने निकले और प्रत्येक मतदाता के नाम का गणना फार्म घरोंघर वितरण कर भरवाए गए तब इसकी जानकारी परिजनों, घर वालों द्वारा संबंधित बीएलओ को दिया गया। इन मृतकों की पूरी लिस्ट अब बीएलओ के माध्यम से निर्वाचन कार्यालय के पास आ गई है, जिसे प्रारंभिक प्रकाशन के पहले मतदाता सूची से हटाया जाएगा।

### विधानसभावार मृतक व अपसेंट मतदाता

| विधानसभा क्षेत्र | मृतक | अपसेंट |
|---|---|---|
| कोटा | 12106 | 4183 |
| तखतपुर | 11049 | 11780 |
| बिल्हा | 14222 | 15977 |
| बिलासपुर | 11544 | 29648 |
| बेलतरा | 8288 | 33237 |
| मस्तूरी | 14560 | 7646 |

### 1 लाख 24 हजार मतदाता अपसेंट

बिलासपुर जिले अंतर्गत बिलासपुर, बेलतरा, बिल्हा, तखतपुर, कोटा व मस्तूरी 6 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। एसआईआर अंतर्गत डोर-टू-डोर सर्वे दौरान जिले में बड़ी संख्या में मतदाता अनुपस्थित पाए गए हैं। डोर-टू-डोर सर्वे कार्य पूर्ण होने के बाद बिलासपुर जिले के 6 विधानसभा क्षेत्रों को मिलाकर 1 लाख 24 हजार 271 मतदाता अनुपस्थित मिलें हैं। इन मतदाताओं का कोई अतापता नहीं चल रहा है और उन लोगों का एसआईआर दौरान गणना फार्म भी नहीं भराया है।

### काटे जाएंगे सभी नाम

निर्वाचन आयोग की ओर से निर्वाचक नामावली का गहन पुनरीक्षण अभियान एसआईआर तहत मतदाताओं के सत्यापन, गणना फार्म भराए जाने की तिथि 18 दिसंबर तक बढ़ाई गई थी वह अब समाप्त हो गई है। अभी तक जो जानकारी आई है उसके अनुसार बड़ी संख्या में अपसेंट और मृतक मतदाता पाए गए हैं, जिनके नाम मतदाता सूची से कटेंगे।

**-एस बनर्जी**, एडीएम व उपजिला निर्वाचन अधिकारी

---

**गुजरात से आया बैडमिंटन कोर्ट का डोम, योगा और जिम निजी हाथों में**

# बंद पड़ा 15 करोड़ का स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स खिलाड़ियों के हवाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुंगेली नाका स्थित संजय तरण पुष्कर परिसर में 14.60 करोड़ की लागत से बना अत्याधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स उद्घाटन और लोकार्पण के 13 महीने बाद अब खिलाड़ियों के काम आ पा रहा है। 23 नवंबर 2024 को उद्घाटन के बाद से यह बंद पड़ा था और यहां खेल गतिविधियां शुरू नहीं हो पाई थीं। यहां रखे लाखों रुपए के उपकरण और खेल सामग्री धूल खा रहें थे। बिना उपयोग के यह महंगे सामान धीरे-धीरे खराब हो रहे थे। करीब साल भर बाद इनडोर मैदान, जिम और स्विमिंग पुल जैसे महत्वपूर्ण विभाग अब खेलने के काम आ रहे हैं। बैडमिंटन, टेबल टेनिस के सामान तो डिब्बों में ही पैक हैं। अधिकारियों के मुताबिक ट्रांसफार्मर लगने के बाद चार्जिंग भी कर ली गई है। जिम संचालन का टेंडर भी फाइनल कर दिया गया है। योगा को भी निजी हाथों में सौंपते हुए किराए पर दे दिया गया है।

स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेल गतिविधियां शुरू नहीं होने की शिकायत के बाद पिछले दिनों निगम और प्रशासन के अधिकारियों ने निरीक्षण किया था। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने इसे जल्द से जल्द स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को शुरू कराने के निर्देश दिया था। इसके बाद अब इसे शुरू किया गया है। ज्ञात हो कि बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने संजय तरण पुष्कर के एक हिस्से में स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के निर्माण के लिए श्रद्धा कंस्ट्रक्शन को इस काम का ठेका दिया था। काम शुरू करने से लेकर अंत तक ठेकेदार ने संजय तरण पुष्कर के उद्यान में कबाड़ भरकर उद्यान को उजाड़ भी कर दिया था। उस दौरान उद्यान के 15 से अधिक पेड़ों को काट डाला गया था कि 40 साल से अधिक पुराने थे। इसका विरोध भी जमकर हुआ था।



#### बिजली आपूर्ति बार-बार बाधित हुई

दूसरी ओर कॉम्प्लेक्स में अब जाकर थ्री-फेज बिजली कनेक्शन मिल सका है, जिससे बिजली आपूर्ति बार-बार बाधित नहीं होने की बात कही जा रही है। दरअसल यहां पहले से केवल एलटी लाइन उपलब्ध थी, जो अधिक लोड सहन नहीं कर पा रही। इस कारण स्विमिंग पुल समेत अन्य सुविधाएं चालू नहीं हो पा रहीं थी। इस बारे में स्मार्ट सिटी के अधिकारियों का कहा है कि थ्री फेज लाइन लगाने के लिए सीएसईबी को आवेदन दिया गया था। इसका काम पूरा हो चुका है। ट्रांसफार्मर लगने के बाद इसे चार्ज किया गया। इसके बाद इसका संचालन जिला फिजिकल कल्चरल सोसाइटी को सौंपा गया है।

#### महंगा सामान होने के बाद भी नहीं मिला लाभ

इस स्पोर्ट्स कांप्लेक्स की दूसरी मंजिल पर दो इंडोर बैडमिंटन कोर्ट भी बनाए गए हैं। इस कोर्ट में टिन का एक शेड लगाया गया है जिसे डोम कहा जाता है। इस डोम को चढ़ाने के लिए 150 टन का भारी क्रेन मंगाया गया तब जाकर इसे फिट किया जा सका। डोम की कीमत भी करीब 25 लाख है जो कि गुजरात से मंगाया गया है। इतना मंहगा सामान होने के बाद भी खिलाड़ी खेल नहीं पा रहे थे।

#### पूरी तरह क्लब की तर्ज पर बना है काम्प्लेक्स

खिलाड़ियों के लिए बने इस स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स को पूरी तरह क्लब की तर्ज पर बनाया गया है। तीन मंजिला इस कांप्लेक्स में बेसमेंट में पार्किंग, ग्राउंड फ्लोर में रिसेप्शन और रेस्टोरेंट के साथ बार भी संचालित किया जाएगा। प्रथम तल में खिलाड़ियों के लिए बैडमिंटन,स्क्वैश और टेबल टेनिस कोर्ट बनाया गया है। द्वितीय तल में इंडोर गेम्स का संचालन होगा। काम्प्लेक्स के तीसरे माले में एक सर्व सुविधायुक्त जिम बनाया गया है जहां शहरवासी एक्सरसाइज और अन्य फिजिकल वर्क कर सकेंगे। बेसमेंट में पार्किंग के साथ योगा सेंटर, जिम्नेशियम, कैंटिन व स्टोर रूम रहेगा। इसके साथ ही अतिरिक्त रूम, हॉल, महिला-पुरुष टॉयलेट, दोनों छोर पर सीढ़ियां, बीच में इंट्री लॉबी और प्रवेश-निकासी द्वार भी है। इंट्रेंस लॉबी के साथ 200 से अधिक दर्शक क्षमता वाला सिटिंग स्टेप, कॉरिडोर,एक मल्टी पर्पज हॉल, एक कॉरिडोर व दोनों तरफ टॉयलेट ब्लॉक की सुविधा भी होगी।

#### शुरू हो गई हैं खेल गतिविधियां

थ्री फेस लाइन के साथ ट्रांसफार्मर लग गया है तो इसकी चार्जिंग भी हो गई है। जिम संचालन का टेंडर भी फाइनल कर दिया गया है। योगा क्लास भी संचालित हो रहा है। यह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स खिलाड़ियों के हवाले हो गया है और खेल गतिविधियां शुरू हो गईं हैं।

**- अमित कुमार**, निगम कमिश्नर

---



# खारंग दायीं तट नहर की नए सिरे से होगी लाइनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- 14 करोड़ खर्च होंगे
- टेंडर की प्रक्रिया पूरी

खारंग जलाशय खूंटाघाट की दाहिनी तट नहर की नए सिरे से लाइनिंग की जाएगी। दाहिनी तट नहर की कुल लंबाई 28 किलोमीटर है, जो खारंग से निकलकर सीपत-मोपका तक आती है। शासन द्वारा इस कार्य के लिए चौदह करोड़ रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विभाग द्वारा इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है।

खारंग जलाशय खूंटाघाट से निकलने वाली दाहिनी तट नहर के जल्द ही दिन बदलने वाले हैं। पूरी तरह जीर्ण-शीर्ण हो चुकी नहर लाइनिंग को अब नए सिरे से सजाने की तैयारी है। नहर की लाइनिंग पूरी तरह डेमेज होने के मद्देनजर खारंग डिवीजन के द्वारा नए सिरे से लाइनिंग का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था, जिसे स्वीकार करते हुए शासन ने विभाग को इस कार्य के लिए चौदह करोड़ रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

दायीं तट नहर 28 किलोमीटर लंबी है, जो खारंग से प्रारंभ होकर सीपत होते हुए मोपका तक आती है। नए सिरे से लाइनिंग हो जाने के बाद इससे सिंचित होने वाले दर्जनों गांवों को फसल की सिंचाई के लिए समय पर पानी मिल सकेगा। विभाग द्वारा इस कार्य के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। बीते दिनों बेहद डेमेज हो जाने के कारण विभाग द्वारा नहर के 45 मीटर हिस्से को पूरा उखाड़कर नए सिरे से लाइनिंग की गई थी, लेकिन अब पूरी की पूरी नहर ही सुधारी जा रही है।

#### 20 साल पहले की गई थी लाइनिंग

खारंग जलाशय की नहर तो करीब सौ साल पुरानी है, लेकिन इसकी लाइनिंग वर्ष 2005 में मनरेगा की राशि से की गई थी। लाइनिंग के बाद राशि के अभाव में इसमें किसी भी तरह का सुधार नहीं किया जा सका था। रखरखाव के अभाव में नहर में अनेक स्थानों पर लाईनिंग क्षतिग्रस्त हो चुकी थी, जिससे पानी कई स्थानों से लिकेज भी होता था। नए सिरे से लाईनिंग के बाद यह सारी समस्या समाप्त हो जाएगी।

#### टेल एरिया तक जल्दी पहुंच सकेगा पानी

पूरे नहर की नए सिरे से लाइनिंग के बाद नहर के टेल एरिया तक पानी जल्दी पहुंच सकेगा। अभी नहर की कांक्रीट डेमेज है, जिससे पानी का बहाव पूरे वेग के साथ आगे नहीं बढ़ पाता, जिससे टेल एरिया तक न केवल पानी देर से पहुंचता है, बल्कि पानी का बहुत नुकसान भी होता है। अभी नई लाइनिंग के बाद आगे करीब पंद्रह से बीस साल तक फिर नहर में जलप्रवाह में कोई दिक्कत नहीं होगी।

#### मिली है प्रशासकीय स्वीकृति

खारंग की दायीं तट नहर की नए सिरे से लाइनिंग के लिए शासन से 14 करोड़ रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। टेंडर की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। नहर में नए सिरे से लाइनिंग होने के बाद पानी का अपव्यय काफी हद तक रोका जा सकेगा। टेल एरिया तक पानी पहुंचने में भी ज्यादा समय नहीं लगेगा।

**-मधु कुमार चंद्रा**, ईई खारंग डिवीजन

---

# कैमिकल से बनाया भुना चना, खाद्य व औषधि विभाग ने मारा छापा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- दो फर्मों से जब्त किया भुना चना के सैंपल

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने छापामारी कार्रवाई कर दो फर्मों से भूना चना के सैंपल जब्त किए हैं। भुना चना बनाने के लिए फर्म के द्वारा सिंथेटिक फूड कलर औरामीन का उपयोग किया जा रहा था। इस दौरान सैंपल जब्त किए गए हैं।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम भुना चना निर्माता फर्म का सिरगिट्टी क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अमित फुड प्रोडक्ट में 600 किलो, जिसका मूल्य 48000 रुपये एवं जय भोले इन्डस्ट्रीज में 750 किलो मूल्य 60000 रुपये का भूना चना जब्त कर किया है। इस दौरान अधिकारियों ने शिवशक्ति दाल मिल से भूना चना का सैंपल जब्त किया है। सभी फर्मो को विभाग ने नोटिस थमा दिया है। अधिकारियों के अनुसार नमूनो को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा जाएगा। जिसकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि भुना चना बनाने के लिए फर्म के द्वारा नॉन परमिटेड केमिकल सिंथेटिक फूड कलर औरामीन का उपयोग किया जा रहा था। जांच के दौरान अभिहित अधिकारी आर आर देवांगन, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अंकित गुप्ता, सुश्री अविषा मरावी, भारती शांडिल्य और नमूना सहायक निखिलेश साहू मौजूद रहे।




छापामार कार्रवाई के दौरान खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम।

### नागरिक सहकारी बैंक का निर्वाचन कार्यक्रम जारी

**बिलासपुर।** बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड का निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसके अनुसार सोसाइटी कार्यालय में 26 दिसम्बर को नामांकन प्रस्तुत किया जाएगा। 29 दिसम्बर को नामांकन पत्रों की जांच, नामांकन पत्रों की वापसी, अंतिम सूची का प्रकाशन तथा प्रतीक चिन्हों का आबंटन 30 दिसम्बर को किया जाएगा। विशेष साधारण सम्मिलन में मतदान 4 जनवरी, रिक्त पदों के लिए सहयोजन 5 जनवरी, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिए बैठक की सूचना 6 जनवरी को एवं 10 जनवरी को मतगणना होगी। सदस्य इसकी जानकारी ले सकते हैं।

### बिलासपुर प्रेस क्लब चुनाव : 19 प्रत्याशी मैदान में

**बिलासपुर।** प्रेस क्लब के चुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। इस दौरान प्रेस क्लब के बगल में स्थित राघवेंद्र राव सभा भवन में सुबह से ही गहमागहमी का माहौल बना रहा। इस चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, सहसचिव और कार्यकारिणी सदस्य पदों के लिए कुल 19 प्रत्याशी मैदान में हैं। सभी प्रत्याशियों ने तय समय सीमा के भीतर अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार सुबह 10 बजे से नामांकन पत्रों का वितरण शुरू हुआ, जो दोपहर 2 बजे तक चला। 2 बजे से 4 बजे तक नाम वापसी की गई। तत्पश्चात प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी गई। चुनाव अधिकारी उप पंजीयक ज्ञान साहू ने बताया कि कुल 26 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए थे, जिनमें से 6 प्रत्याशियों ने अपने नाम वापस ले लिए, वहीं कमलेश शर्मा का नामांकन पत्र नियमानुसार अस्वीकृत कर दिया गया है। विभिन्न पदों के लिए कुल 19 प्रत्याशी अंतिम रूप से चुनाव मैदान में रह गए हैं। 28 दिसंबर को मतदान होगा।

---

**2018 में प्रोजेक्ट को मिली थी मंजूरी, कोरोना से प्रभावित हो गया था काम**

# 7 साल इंतजार बाद आकार लेने लगी हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बोदरी के डड़हापारा में हाउसिंग बोर्ड द्वारा भव्य कॉलोनी का निर्माण प्रारंभ किया गया है। इस कॉलोनी को वर्ष 2018 में मंजूरी मिली थी, लेकिन कोरोना काल में कार्य बाधित हो गया था। इसके बाद प्रोजेक्ट की लागत बढ़ने एवं रिवाईज ले-आऊट की मंजूरी के बाद अब दोबारा निर्माण प्रारंभ कियाा गया है। कॉलोनी का निर्माण ढाई वर्ष के भीतर पूर्ण करने की योजना है।

नगर पालिका बोदरी में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल की बड़ी कॉलोनी जल्द ही तैयार होगी। कॉलोनी की स्थापना का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। बोदरी में हाईकोर्ट की स्थापना के कारण लगातार कॉलोनियों की स्थापना हो रही है, लेकिन शासन द्वारा इसे नगर पालिका का दर्जा देने के बाद अब इस दिशा में संभावनाएं बढ़ गई हैं। बिल्डर व कॉलोनाईजरों द्वारा भी तेजी से बढ़ने के कारण इसी क्षेत्र में ही इन्वेस्टमेंट किया जा रहा है। ऐसे में हाउसिंग बोर्ड के द्वारा भी एक वृहद कॉलोनी की स्थापना से इस क्षेत्र का और भी अधिक विकास होगा।

ज्ञात हो कि डड़हापारा, बोदरी का ही एक वार्ड है, लेकिन यह बीते कई वर्षों से घोर उपेक्षा का शिकार रहा है। यहां सड़क, पानी, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं भी उपलबब्ध नहीं है। यही कारण है कि यहां के निवासियों ने बीते विधानसभा चुनाव में मतदान का शत प्रतिशत बहिष्कार कर दिया था। हालांकि मतदान का बहिष्कार करने के बाद प्रशासन द्वारा यहां सुविधाओं के विस्तार के संबंध में आश्वासन दिया गया था, लेकिन आज दिनांक तक कोई आश्वासन पूरे नहीं किए गए।

यहां उपलब्ध शासकीय भूमि पर क्षेत्रवासियों ने बेजा-कब्जा कर घर बना लिए हैं, जिन्हें हटाकर अन्यत्र विस्थापित करने की भी योजना है। हाऊसिंग बोर्ड की बड़ी कॉलोनी की स्थापना के बाद डड़हापारा के भी भरपूर विकास की दिशा तय होने की संभावना जाहिर की जा रही है।

#### 34 एकड़ में बनेगी कॉलोनी

बोदरी में प्रस्तावित उक्त कॉलोनी 34 एकड़ के विस्तृत क्षेत्र में तैयार की जा रही है। यहां पर्याप्त सरकारी जमीन उपलब्ध है, जिससे भविष्य में आवश्यकतानुसार कॉलोनी को और भी विस्तार दिया जा सकेगा।

#### 462 मकान बनेंगे

कॉलोनी में कुल 462 मकान बनाना प्रस्तावित किया गया है। कॉलोनी का निर्माण सभी वर्गों को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। इसके अंतर्गत एचआईजी, एमआईएल, एलआईजी व ईडब्ल्यूएस श्रेणी के मकान बनाए जाने हैं।

#### ठीक बाजू में दाधापारा स्टेशन

निर्माणाधीन कॉलोनी के ठीक बाजू में दाधापारा स्टेशन है। यहां सलेक्टेड कुछ ट्रेनों का स्टॉपेज भी रहता है। जिससे लोगों को आवागमन के लिए साधन उपलब्ध हो सकेंगे।। कॉलोनी को बोदरी बस्ती होते चकरभाठा एवं बोदरी से परसदा से जोड़ने का कार्य भी प्रारंभ किया जा चुका है।

#### ढाई साल में पूरा करना है

यह प्रोजेक्ट 2018 में स्वीकृत हुआ था, लेकिन कोरोनाकाल के चलते निर्माण में विलंब हो गया। कॉलोनी में सभी श्रेणियों के कुल 462 मकान बनाए जाएंगे। 34 एकड़ में प्रस्तावित इस प्राजेक्ट को दो से ढाई साल में पूर्ण करना है।

**-जूही श्रीवास्तव**, ईई हाउसिंग बोर्ड

---

### शुष्क दिवस पर दी दबिश, 760 किलो महुआ लहान को किया नष्ट

**मालखरौदा।** शुष्क दिवस पर आबकारी वृत्त मालखरौदा द्वारा बोरई नदी किनारे अवैध शराब निर्माण पर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान 9 नग प्लास्टिक जेरीकेन, 15 लीटर 2 नग प्लास्टिक डिब्बा व न नग प्लास्टिक की पन्नी में भरी 100 लीटर महआ शराब तथा 38 प्लास्टिक बोरियों में भरी कुल 760 किलो महुआ लहान को नष्ट किया गया। 18 दिसंबर शुष्क दिवस के अवसर पर दौरान गश्त बोरई नदी किनारे अवैध रूप से शराब निर्माण की मुखबिर सूचना पर जांच कार्यवाही पर 3 चढ़ी हुई महुआ शराब की भट्टी में से बनी हुई महुआ शराब जो कि 5 लीटर क्षमता वाली 9 नग प्लास्टिक जेरीकेन, 15 लीटर क्षमता वाली 2 नग प्लास्टिक डिब्बा व 5 नग प्लास्टिक की पन्नी में भरा कुल मात्रा 100 लीटर महुआ शराब तथा 38 नग प्लास्टिक बोरियों में भरी कुल 760 किलो महुआ शराब बनाने योग्य महुआ लहान बरामद होने से अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया। महुआ लहान को नष्टीकरण कर महुआ शराब को कब्जे में लिया गया।



## खबर संक्षेप



### पाली बस स्टैण्ड एवं शिव मंदिर मार्ग से हटाया गया बेजाकब्जा

**कोरबा।** नगर पंचायत पाली स्थित बस स्टैण्ड से अवैध एवं बेजा कब्जा हटाने की कार्यवाही की गई। दुकानदारों द्वारा सड़क के सामने शेड आदि लगाकर दुकान का संचालन किया जा रहा था, जिससे यातायात में बाधा उत्पन्न हो रही थी और आए दिन ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही थी। इससे आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था तथा दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती थी। नगर पंचायत पाली द्वारा पूर्व में संबंधित दुकानदारों को नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने के निर्देश दिए गए थे। नोटिस के बाद भी कब्जा नहीं हटाए जाने पर प्रथम चरण में आज बस स्टैण्ड पाली एवं शिव मंदिर पाली से चैतुरगढ़ मार्ग के मुख्य मार्ग के दोनों ओर किए गए बेजा कब्जे को हटवाया गया। कार्यवाही के दौरान सभी दुकानदारों को पुनः नोटिस जारी कर समझाइश दी गई कि भविष्य में सड़क पर अतिक्रमण न करें। बेजा कब्जा हटाने की इस कार्यवाही में तहसीलदार पाली भूषण सिंह मंडावी, नायब तहसीलदार पाली, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत पाली, थाना प्रभारी पाली एवं संबंधित विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया कि आमजन की सुविधा एवं यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए आगे भी इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### दादी की सजेगी दरबार, 601 निशान और 151 कलश के साथ निकलेगी शोभायात्रा

**कोरबा।** नमो नारायणी समिति के तत्वाधान में आगामी 27 और 28 दिसम्बर को भक्ति और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। शहर के जश्न रिसोर्ट राताखार में 39वें अंतर्राष्ट्रीय मंगल पाठ का आयोजन किया जा जाएगा। दो दिवसीय धार्मिक समागम में विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में दादी भक्त शिरकत करेंगे। 27 दिसंबर की सुबह 9 बजे श्री पंचदेव मंदिर (पुराना बस स्टैंड) से होगा। शोभायात्रा और पालकी यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा में 601 मनोकामना निशान और 151 कलश आकर्षण का केंद्र रहेंगे। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों—पुराना बस स्टैंड, पावर हाउस रोड और सुनालिया ज्वेलर्स से होते हुए जश्न रिसोर्ट पहुँचेगी। शाम 4 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें गायक तेजस राणा, मनोज शर्मा, प्रियंका गुप्ता और अपर्णा अग्रवाल के द्वारा भजनों की प्रस्तुती दी जाएंगी। रविवार को कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 31 सौ महिलाओं द्वारा सामूहिक मंगल पाठ होगा। अंतर्राष्ट्रीय भजन गायक और मंगल पाठ वाचक केशव सौरभ मधुकर के सानिध्य में संगीतयमय मंगल पाठ का वाचन किया जाएगा। इस दौरान दादी जी को सवामणि एवं 56 भोग अर्पित किया जाएगा। विभिन्न आकर्षक झांकियों की प्रस्तुति दी जाएगी। चुनरी समर्पण और 12 महीनों के त्योहारों का प्रतीकात्मक मंचन होगा।

### इंडियन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण

**कोरबा।** इंडियन पब्लिक स्कूल पाली एवं चैतमा के विद्यार्थियों के शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। स्कूल के बच्चे बिलासपुर स्थित प्लेनेटेरियम एवं कानन पेंडारी (जू) गए, जहाँ उन्होंने विज्ञान, प्रकृति और वन्यजीवन से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। प्लेनेटेरियम (तारामंडल) में विद्यार्थियों को खगोल विज्ञान से संबंधित रोचक तथ्यों, ग्रहों की संरचना, सौरमंडल, तारों और अंतरिक्ष की गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया गया। बच्चों ने आधुनिक तकनीक के माध्यम से अंतरिक्ष के रहस्यों को समझा, जिससे उनमें वैज्ञानिक सोच और जिज्ञासा का विकास हुआ। विद्यार्थियों ने इस अनुभव को अत्यंत रोमांचक और प्रेरणादायक बताया। इसके पश्चात सभी विद्यार्थी कानन पेंडारी (जू) पहुँचे, जहाँ उन्होंने विभिन्न प्रकार के वन्य प्राणियों को निकट से देखा। शेर, बाघ, हिरण, भालू, पक्षियों की अनेक प्रजातियाँ तथा अन्य जानवरों को देखकर बच्चे अत्यंत उत्साहित नजर आए। इस दौरान बच्चों को वन्यजीव संरक्षण, जैव विविधता और पर्यावरण संतुलन के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई।इस पूरे शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन स्कूल के डायरेक्टर श्री राकेश मिश्रा एवं प्रिंसिपल श्रीमती शिवानी दुबे के कुशल मार्गदर्शन में किया गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### जिले में स्वास्थ्य...

समीक्षा की जाएगी। जिले में बढ़ते प्रदूषण को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। एनजीटी व शासन के नियमानुसार राखड़ परिवहन और अन्य कार्य किये जा रहे हैं कि नहीं इसकी समीक्षा की जाएगी। इसके पूर्व जब मैं दंतेवाड़ा में पदस्थ था वहां भी डीएमएफ के तहत विकास कार्य कराएं गए हैं। जिले में भी डीएमएफ के कार्यों को लेकर सामंजस्य बनाकर काम करेंगे। आरटीआई को लेकर किए गए सवाल के जवाब पर कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि यह आम लोगों का अधिकार है जिसका उन्हें प्रयोग करना चाहिए। कलेक्ट्रेट परिसर में पत्रकारों के बैठने की व्यवस्था व इलेक्ट्रानिक चैनलों को बाइट लेने के लिए एक अधिकारी की नियुक्ति पर उन्होंने चर्चा कर निर्णय लेने की बात कही।

# नवपदस्थ कलेक्टर ने जिला अधिकारियों की ली परिचयात्मक बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नवपदस्थ कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक ली गई। जिसमें उन्होंने कहा कि जिले के विकास की गति को आगे बढ़ाने के साथ केंद्र और राज्य शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन पर प्रशासन का ध्यान केंद्रित रहेगा। साथ ही शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का जमीनी स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन कर अंतिमछोर के व्यक्ति तक को लाभान्वित करना भी उनकी प्राथमिकता होगी।

अलग खबर

कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को समन्वय बनाकर टीम भावना से काम करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर, डीएफओ कटघोरा कुमार निशांत, डीएफओ कोरबा श्रीमती प्रेमलता यादव, जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग, अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, एसडीएम सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, खाद्य, कृषि, सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सभी अधिकारियों से परिचय लेते हुए विभाग के कार्यों की प्राथमिक जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारी कार्यालय में अनुशासन का पालन करें एवं समय पर उपस्थित रहकर अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करें। कलेक्टर ने ई-ऑफिस के संबंध में जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि जिन विभागों द्वारा अभी तक ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य नहीं किया जा रहा है, वे अनिवार्य रूप से 1 जनवरी से इसका संचालन सुनिश्चत करते हुए फाइल को आगे बढ़ाये। उन्होंने निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशन में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण की स्थिति की जानकारी ली। शासन के दिशा निर्देश के तहत प्रशासन गांव की ओर शिविर लगाने के संबंध में दिशा निर्देश देते हुए आमजनता को योजनाओं की जानकारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में धान खरीदी की स्थिति, उपार्जन केंद्र में आवश्यक व्यवस्था, भौतिक सत्यापन, टोकन की व्यवस्था, गेट पास की जानकारी ली और निर्देशित किया कि धान खरीदी में किसानों को किसी भी प्रकार की समस्याएं न हो। कलेक्टर ने 21 दिसम्बर को पल्स पोलियो दिवस की तैयारी के संबंध में स्वास्थ्य विभाग से जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

**शासन की योजनाओं का शत प्रतिशत क्रियान्वयन पहली प्राथमिकता**



## महापौर ने किया जिला स्तरीय युवा एवं महिला खेल महोत्सव का शुभारंभ

# उत्कृष्ट खिलाड़ी की पहचान बनाने हेतु स्वस्थ प्रतिस्पर्धा व खेल की भावना का होना आवश्यक : संजूदेवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खेलों में सफलता प्राप्त करने व एक उत्कृष्ट खिलाड़ी के रूप में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रतिभागियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा एवं खेल की भावना का होना अत्यंत आवश्यक है। खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण विषय है, खेलकूद एक ओर जहां हमारे स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, वहीं दूसरी ओर खेलों से हमारे व्यक्तित्व का भी विकास होता है। खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा सामने लाने के अवसर प्राप्त होते हैं, अतः समय-समय पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होना आवश्यक है।

उक्ताशय के विचार महापौर ने जिला स्तरीय युवा एवं महिला खेल महोत्सव आयोजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025 के उपलक्ष्य में कोरबा में जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2025 एवं महिला खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ महापौर के द्वारा किया गया, यह आयोजन जिला प्रशासन एवं खेल युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विद्युतगृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा परिसर में सम्पन्न हो रहा है, कार्यक्रम में जिले भर से आए युवाओं एवं महिलाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिल रही है, जिससे पूरे परिसर में खेलों के प्रति उत्साह व खेल प्रतिस्पर्धा का वातावरण बना हुआ है। आयोजन की मुख्य अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए महापौर ने आयोजन का शुभारंभ कराया तथा आयोजन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर महापौर ने कहा कि खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम युवाओं, विद्यार्थियों व महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए अपनी प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए एक सशक्त माध्यम होते हैं तथा उन्हें एक सुव्यवस्थित मंच प्राप्त होता है, उन्होने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति और सभ्यता हमारे सांस्कृतिक कार्यक्रमों में समाहित है, वहीं खेल न केवल हमें अच्छा स्वास्थ्य प्रदान करते हैं बल्कि प्रदेश व देश में अपनी खेल प्रतिभा को सामने लाकर सम्मान अर्जित करने का अवसर भी प्रदान करते हैं। महापौर ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में राज्य सरकार खेलों के विकास व इस हेतु बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के लिए कृतसंकल्पित हैं तो वहीं कोरबा विधायक व प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में कोरबा जिले के स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं व मंच उपलब्ध कराने हेतु प्रशासन लगातार काम कर रहा है। आयोजन में निगम के सभापति नूतन सिंह ठाकुर, एम.आई.सी.सदस्य श्रीमती धनकुमारी गर्ग, पूर्व पार्षद सुशील गर्ग, खेल विभाग से सहायक खेल अधिकारी रामकृपाल साहू, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।



खिलाड़ियो को सम्मानित करती महापौर।

### विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

इसी प्रकार खेल महोत्सव के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं यथा वालीबाल, खो-खो, 100 मीटर से 400 मीटर तक की दौड़, वेटलिफ्टिंग, रस्साकसी, बैडमिंटन, जैसी रोमांचक स्पर्धाएं शामिल हैं, महिला खिलाड़ियों ने विशेष उत्साह के साथ प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते हुए खेल भावना और आत्मविश्वास के साथ स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का परिचय दिया।

# महापौर ने 199 हितग्राहियों को प्रदान किया आवासगृह स्वीकृति अनुज्ञा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने निगम कार्यालय साकेत में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 मोर जमीन-मोरी मकान बी.एल.सी. घटक के 199 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र एवं भवन निर्माण अनुमति पत्र प्रदान किया। इस मौके पर सभापति नूतन सिंह ठाकुर, एम.आई.सी. सदस्य धनकुमारी गर्ग, अजय गोंड़, फिरतराम साहू, पार्षद पंकज देवांगन, रूबीदेवी सागर, धनश्रीअजय साहू, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता व नोडल अधिकारी सुरेश बरूआ उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत मोर जमीन-मोर मकान बी.एल.सी. घटक अंतर्गत नगर निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत वर्तमान में 2232 नए हितग्राहियों को आवासगृहों की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। नगर पालिक निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभा कक्ष में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने 199 हितग्राहियों को आवासगृहों के स्वीकृति पत्र व भवन निर्माण अनुज्ञा पत्र प्रदान किया। इसके पूर्व विगत 12 दिसम्बर को 127 हितग्राहियों को आवासगृह स्वीकृति व भवन अनुज्ञा पत्र महापौर श्रीमती राजपूत के द्वारा हितग्राहियों को प्रदान किए गए थे। इस मौके पर महापौर श्रीमती राजपूत ने हितग्राहियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को दिल से साधुवाद है कि उन्होने समाज के सभी वर्ग के लोगों के साथ-साथ विशेष रूप से गरीब, निर्धन व आर्थिक रूप से पिछडे. हुए लोगों के उत्थान के लिए, उनका जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के परिणाम स्वरूप देश के करोड़ों लोगों को पक्के मकान मिल चुके हैं तथा करोड़ों लोगों को आगे भी पक्के व सर्वसुविधायुक्त मकान मिलेंगे, जिससे देश का कोई भी व्यक्ति ऐसा नहीं रहेगा, जिसके पास अपना खुद का पक्का मकान न हों। महापौर ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सत्ता की बागडोर संभालते ही छत्तीसगढ़ के 18 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति दी थी, उन्हें साधुवाद है कि उनके द्वारा मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना के अंतर्गत 32850 रूपये की अतिरिक्त राशि ऐसे हितग्राहियों को दी जा रही है, जिनके द्वारा 18 माह के अंदर भवन का निर्माण कार्य पूरा किया जावेगा। उन्होने हितग्राहियों से कहा कि आपके वार्ड पार्षद व निगम के अधिकारी आपका पूरा सहयोग करेंगे।

# 300 फीट गहरी खदान का कहर, हरदी बाजार स्वास्थ्य केंद्र मौत के मुहाने पर



ज्ञापन सौंपते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

जनपद पंचायत पाली क्षेत्र की सदस्य सनीता अनिल टंडन एवं ग्राम पंचायत हरदीबाजार के सरपंच लोकेश्वर कंवर ने जिला प्रशासन को चेताते हुए शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदी बाजार को लेकर गंभीर खतरे का खुलासा किया है।

स्वास्थ्य केंद्र के ठीक बगल में एसईसीएल दीपका क्षेत्र की खदान विस्तार परियोजना संचालित है, जिसकी गहराई 300 फीट से भी अधिक हो चुकी है। खदान में हो रही लगातार ब्लास्टिंग ने स्वास्थ्य केंद्र को हादसे का अड्डा बना दिया है। ब्लास्टिंग के कारण स्वास्थ्य केंद्र की दीवारों में गहरी दरारें पड़ चुकी हैं। पीने के पानी और दैनिक उपयोग के लिए लगाया गया बोर और पाइपलाइन पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है। मरीज प्यासे, स्टाफ परेशान और ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। यह वही स्वास्थ्य केंद्र है जहां गर्भवती महिलाएं, नवजात बच्चे, बुजुर्ग और बीमार ग्रामीण इलाज के लिए पहुंचते हैं। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा हादसा तय है। जनपद सदस्य सनीता अनिल वडन एवं सरपंच लोकेश्वर कंवर ने कलेक्टर से मांग की है कि शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदीबाजार को तुरंत किसी सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जाए ताकि निर्दोष ग्रामीणों की जान बचाई जा सके।

### पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा के प्रभात बने अध्यक्ष

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पीआर यादव द्वारा जनपद पंचायत से सेवानिवृत्त सहायक ग्रेड 2 प्रभात शर्मा को जिला शाखा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पद पर नियुक्त होने पर छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी जिला शाखा में हर्ष व्याप्त है। इस मोके पर शाखा अध्यक्ष विनय सोनवानी, जेपी उपाध्याय, एसके पाठक, जेएस पोर्त, गोपाल प्रजापति, अजय पांडे, नागेश गोरह, सुरेश उपाध्याय, नकुल राजवाड़े, सीताराम कंवर, आत्माराम खुटे उपस्थित रहे।

# बाबा के मार्ग पर चलकर हम समाज को और भी अधिक समृद्ध और विकसित बना सकते हैं: जयसिंह



मुख्य अतिथि का स्वागत करते समाज के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मनखे मनखे एक समान का संदेश देने वाले परम पूज्य बाबा गुरू घासीदास के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। गुरू घासीदास ने सत्य, समानता और मानवता का जो संदेश दिया उसी संदेश के मार्ग पर चलकर हम समाज को और भी अधिक विकसीत और समृद्धि बना सकते हैं।

उक्त बातें पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने संत शिरोमणी बाबा गुरूघासीदास की 269वीं जयंती पर टीपी नगर स्थित सतनाम प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होकर श्री अग्रवाल ने बाबा गुरूघासीदास जयंती पर्व की जिलेवासियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रगति, समृद्धि, अमन चैन, सुख शांति, की कामना की। इस दौरान श्री अग्रवाल ने कहा कि मैंने सभी समाजों की सेवा की है और आगे भी करते रहूंगा। मैं चाहता हूं कि जिले में सभी समाजों का अपना जमीन व भवन हो जहां उन्हें सामाजिक कार्यों के लिए और कहीं जाना ना पड़े, इस दिशा में मैंने काम भी किया है। जिसके फलस्वरूप आज लगभग सभी समाज के पास अपना भवन है। अब जरूरत है इन भवनों को संरक्षित करने और देखरेख करते रहने की। इसके लिए समाज के हर परिवार को आगे आना होगा। श्री अग्रवाल ने कहा कि इस स्थान की जमीन को हमने अपने सरकार के समय सतनाम समाज के नाम करने के लिए प्रक्रिया पूरी कर दिया था, जिसे समाज के पदाधिकारी वर्तमान सरकार से मिलकर शेष कार्यवाही पूरी कराकर जमीन समाज के नाम करा सकते हैं। कार्यक्रम में महापौर राजकिशोर प्रसाद, जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष मुकेश कुमार राठौर, ग्रामीण जिला अध्यक्ष मनोज चौहान, नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू, उप नेता प्रतिपक्ष डॉ. रामगोपाल कुर्रे, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज आदि का सतनाम समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सतनाम समाज के अध्यक्ष नारायण कुर्रे, सचिव आरडी भाराद्वाज, कोषाध्यक्ष मनोज मनहर, डीआर जाटवर, उपाध्यक्ष सुनीता देवी पाटले, सत्येन्द्र डहरिया, बद्री किरण, धनकुमार गर्ग समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

### बांकीमोंगरा में मनाई गई गुरु घासीदास जयंती



गुरु घासीदास जी की जयंती प्रदेश के साथ साथ बांकीमोंगरा क्षेत्र में भी पूरे उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बांकीमोंगरा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा सहित अन्य ने सनसाईन स्कूल के समीप व गजरा साईड में बाबा गुरु घासीदास जय स्तंभ पहुंचकर बाबा की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुजा अर्चना किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। पालिका अध्यक्ष श्रीमती झा ने जैतखाम की पूजा की और भाजयुमो छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास झा ने सफेद ध्वज चढ़ाकर क्षेत्र की खुशहाली की प्रार्थना की। श्रीमती झा ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास के मनखे-मनखे एक समान का संदेश भी समाज के लिए प्रेरणापुंज है। हमें उनके बताए सत्य और समानता के मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर बांकीमोंगरा भाजपा मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा, महामंत्री श्रीमती अनिता राजपूत, पार्षद श्रीमती प्रमिला सायतोड़े, युवा मोर्चा सुरज मिश्रा, निखिल सिंगोटिया, प्रकाश झा, प्रमोद खांडे, मिडिया प्रभारी विकास सोनी, राजकुमार सिंह, अनिल पाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## निगम द्वारा विभिन्न चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थानों में जलाए जा रहे अलाव

# ठिठुरन भरी ठंड से बचने लोग निगम के अलाव का ले रहे सहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम द्वारा अपने सभी जोन के प्रमुख चौक-चौराहों, अधिक आवाजाही वाले स्थानों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड आदि सहित अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलवाए जा रहे हैं, लगातार बढ़ रही ठिठुरन भरी ठंड के इस मौसम में निगम के अलाव लोगों को ठंड से बचने हेतु सहारा बन रहे हैं।

बढ़ती ठंड को देखते हुए महापौर संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय द्वारा राहगीरों, नागरिकों को अलाव सुविधा उपलब्ध कराने के मद्देनजर निगम क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों, सार्वजनिक स्थानों तथा ज्यादा आवाजाही वाले स्थलों में रात्रि के समय अलाव जलाए जाने के निर्देश निगम के जोन अधिकारियों को दिए गए थे, जिसके तहत निगम द्वारा कोरबा शहर तथा उसके उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों, बस स्टैण्ड रेलवे स्टेशन आदि में विगत 15 दिनों से शाम होते ही प्रतिदिन अलाव जलाए जा रहे हैं, ठंड से बचने के लिए लोग इन अलावों का सहारा ले रहे हैं। निगम द्वारा रेलवे स्टेशन, पुराना बस स्टैण्ड, चिमनीभटठा, टीपीनगर चौक, नया बस स्टैण्ड, स्टेडियम गेट चौक, सीएसईबी चौक, महाराणा प्रताप चौक बुधवारी, नीलाम्बरी चौक, एसपी आफिस तिराहा, जैन चौक, निहारिका सुभाष चौक, गुरू घांसीदास चौक, मुड़ापार बाजार, घंटाघर, बस स्टैण्ड बालको, अमरसिंह होटल के पास बालको, परसाभांठा बाजार, एनटीपीसी गेट जमनीपाली, सिंधिया चौक दर्री, सरदार पटेलनगर पेट्रोल पम्प, जैलगांव चौक, गेवरा चौक, विकासनगर बाजार के पास, इमलीछापर चौक सहित अन्य स्थानों में अलाव जलाए जा रहे हैं।



कड़ाके की ठंड में अलाव का सहारा लेते हुए।

### मूकबधिर, श्रवणबधिर दिव्यांगजनों के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

**कोरबा।** उपसंचालक, रोजगार एवं विशेष रोजगार कार्यालय, रायपुर की डॉ. (श्रीमती) शशी अतुलकर द्वारा अवगत कराया गया है कि मूकबधिर/श्रवणबधिर दिव्यांगजनों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु 23 दिसम्बर को एक विशेष रोजगार प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह कैम्प सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक विशेष रोजगार कार्यालय पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, राजभवन के बाजू, सिविल लाइन्स, रायपुर में आयोजित होगा। इस प्लेसमेंट कैम्प में फ्लिपकार्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, रायपुर द्वारा एक्सीक्यूटिव असिस्टेंट के 10 पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से भर्ती की जाएगी। चयनित आवेदकों को स्कैनिंग, लोडिंग, अनलोडिंग, पैकिंग, पिकिंग एवं शॉर्टिंग से संबंधित कार्य करना होगा।

### बुलेट बाइक से उत्पात मचा रहे युवकों पर पुलिस ने की कार्रवाई

**अंबिकापुर।** बुलेट बाइक से उत्पात मचा रहे युवकों पर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बाइक चालकों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि वाहन चेकिंग के दौरान मणिपुर थाना पुलिस द्वारा बुलेट बाइक क्रमांक सीजी 15 ईए 4287 में चार युवक बैठकर घूमते नजर आए। इस दौरान पुलिस ने जब बाइक सवार युवकों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया तो वे नशे में धुत पाए गए। ऐसे में पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ एमबी एक्ट धारा 185 के तहत कार्रवाई की वहीं अन्य युवकों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली 7 ट्रेनें हुई रद्द, 26 जनवरी से 14 फरवरी तक ट्रेने रहेगी कैंसल

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 7 ट्रेनों को कैंसिल किया गया है। ये गाड़ियां 26 जनवरी से 14 फरवरी तक अलग-अलग दिनों में रद्द रहेगी। दरअसल दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद मंडल के काजीपेट बल्लारशाह सेक्शन में तीसरी लाइन और नई लाइन की कमीशनिंग को लेकर नॉन-इंटरलॉकिंग का काम किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक रायगढ़, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग, जांजगीर-चांपा, राजनांदगांव के आने-जाने वाले यात्री प्रभावित होंगे। रेलवे प्रशासन का कहना है कि रेलवे बोर्ड की ओर से अलग-अलग जोन में इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट का काम तेजी से किया जा रहा है, ताकि यात्री सुविधाओं का विस्तार हो सके। इस काम के चलते कुछ ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हो रहा है। कुछ ट्रेनों को रद्द की गई हैं, जबकि कुछ ट्रेनों के रूट में परिवर्तन और देरी की गई है। 27 जनवरी, 3-10 और 13 फरवरी को यशवंतपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12251 यशवंतपुर-कोरबा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग से संचालित होगी। यह गाड़ी काचीगुड़ा-निजामाबाद जंक्शन-मुदखेड़ जंक्शन-पिंपलखुटी-नागपुर-दुर्ग-बिलासपुर के रास्ते सिकंदराबाद पहुंचेगी।

### अंतर्राष्ट्रीय मंगल पाठ और भजनोत्सव 27 से, निकलेगी शोभायात्रा

**कोरबा।** औद्योगिक नगरी कोरबा में नमो नारायणी समिति के तत्वाधान में आगामी 27 और 28 दिसम्बर को भक्ति और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। शहर के जश्न रिसॉर्ट, राताखार में 39वें अंतर्राष्ट्रीय मंगल पाठ और भव्य भजनोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दो दिवसीय धार्मिक समागम में देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में दादी भक्त शिरकत करेंगे। उत्सव का शुभारंभ 27 दिसंबर को सुबह 9 बजे श्री पंचदेव मंदिर पुराना बस स्टैंड से होगा। यहां से एक विशाल शोभायात्रा और पालकी यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा में 601 मनोकामना निशान और 151 कलश आकर्षण का केंद्र रहेंगे। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों पुराना बस स्टैंड, पावर हाउस रोड और सुनालिया ज्वेलर्स से होते हुए जश्न रिसोर्ट पहुँचेगी। शाम 4 बजे से भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें ख्यातिलब्ध गायक तेजस राणा, मनोज शर्मा, प्रियंका गुप्ता और अपर्णा अग्रवाल अपनी सुमधुर आवाज में दादी का गुणगान करेंगे। रविवार को कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 3100 महिलाओं द्वारा सामूहिक मंगल पाठ होगा। अंतर्राष्ट्रीय भजन गायक और मंगल पाठ वाचक केशव सौरभ मधुकर के सानिध्य में संगीतयमय मंगल पाठ का वाचन किया जाएगा। दादी जी को सवामणि एवं 56 भोग अर्पित किया जाएगा। विभिन्न आकर्षक झांकियों की प्रस्तुति दी जाएगी। चुनरी समर्पण और 12 महीनों के त्योहारों का प्रतीकात्मक मंचन होगा।

### केन्द्रीय विद्यालय में मनाया गया वार्षिकोत्सव

**कोरबा।** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 4 गोपालपुर में 37वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम राजीव कुल्हारी कमांडेड केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के एचटीपीपी दर्री यूनिट कोरबा के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ.श्रीमती फरहाना अली, प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला स्याहीमुडी सहित विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि एवं बीएस अहीरे प्राचार्य द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। बालक बालिकाओं ने कथक नृत्य के साथ मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत किया। इसके बाद स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा शिक्षण सत्र 2024-25 के सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के 10वीं एवं 12वीं विज्ञान तथा वाणिज्य संकाय के टॉपर छात्र छात्राओं सहित सम्भागीय एवं राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बालक बालिकाओं को ट्रॉफी प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। इसके बाद छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दिया। लोक नृत्य के क्रम में छत्तीसगढ़ी, उड़िया, तमिल, पंजाबी सॉन्ग पर प्रस्तुत किया। बाल वाटिका के बच्चों ने एक्शन नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। मोबाइल के दुष्प्रभाव को दर्शाने वाला नृत्य नाटिका ने दर्शकों को प्रभावित किया। कार्यक्रम में एसके विश्वकर्मा, विनोद कुमार वर्मा, रोशन लकरा, रेनू कुमारी, जयश्री रावतकर, शालिनी देवांगन, विवेक कुमार, दिनेश प्रजापति, ख्याति पाठक, ईश्वरी रजक, अनु जांगला, साहिल चौधरी, रितु, कल्पना, चंचल, चारू सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### युवक से मारपीट, मामला दर्ज

**कोरबा।** भैंसमा कॉलेज में पढ़ने वाला एक युवक ने सीएसईबी चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 17 दिसंबर को कोरबा सतनामी समाज का शोभायात्रा रैली में शामिल था। युवक अपने दोस्तों के साथ रैली में नाच गाना कर रहे थे, तभी रात्रि करीबन 9.30 बजे शोभायात्रा जैसे ही रैली टीपी नगर पॉम मॉल के पास पहुंची। तभी टीपी नगर पॉम मॉल के सामने एम 2 डीजे के संचालक बंटी चौहान को उसके स्टेज पर चढ़कर कोई दूसरा गाना बजाने के लिये बोला इतने में स्टेज टूट गया तब एम डीजे का संचालक बंटी चौहान एवं उसके साथी मिलकर युवक को स्टेज तोड़ दिए कहकर गंदी गंदी अश्लील गाली गलौच करते हुए मारपीट किये। मारपीट के दौरान युवक हाथ में पहना हुआ एक चांदी का चूड़ा तथा गले में पहना हुआ सोने का चैन कहीं गिर गया है। मामले में पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# शहर में गूंजा मैरी क्रिसमस, मसीही समाज ने निकाली प्रेम जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव क्रिसमस का उत्साह ऊर्जाधानी में अपने चरम पर है। इसी कड़ी में शुक्रवार को मसीही समाज के तत्वाधान में एक विशाल प्रेम जुलूस का आयोजन किया गया। शहर की सड़कों पर जब हजारों की संख्या में समाज के लोग उतरे तो पूरा वातावरण भक्ति और उल्लास के रंगों में सराबोर हो गया।

जुलूस की शुरुआत शाम 4 बजे कोरबा शहर स्थित मुख्य चर्च से हुई। पारंपरिक वेशभूषा और हाथों में शांति व प्रेम के संदेश लिए मसीही समाज के लोग बर्थ डे टू यू जीसस के नारों के साथ आगे बढ़े। यह जुलूस शहर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ घंटाघर चौक पहुंचा, जहां समापन पर प्रभु यीशु के शांति और मानवता के संदेशों का वाचन किया गया। जुलूस का आकर्षण इसकी भव्यता थी। आधुनिक डीजे सिस्टम, आकर्षक लाइटिंग और मसीही गीतों की मधुर धुनों ने समां बाँध दिया। युवा और बच्चेः सिर पर सांता क्लॉज वाली लाल टोपी पहने हुए गीतों पर थिरकते नजर आए। पूरे उत्साह के साथ प्रभु की वंदना करते हुए चल रहे थे। खास बात यह रही कि इस आयोजन में केवल शहर ही नहीं, बल्कि पूरे कोरबा जिले से मसीही समाज के लोग अपनी उपस्थिति दर्ज कराने पहुँचे थे। भीड़ और उत्साह के बावजूद यह विशाल जुलूस पूरी तरह से अनुशासित और शांतिपूर्ण रहा। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि इस जुलूस का मुख्य उद्देश्य आपसी भाईचारा और प्रभु यीशु के प्रेम के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना है। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा।

### लाल टोपियों और गीतों की धुन पर झूमे शहरवासी

**खास बातें**
- मसीही समाज जुटा क्रिसमस की तैयारी में
- चर्चों में की गई सजावट, हो रही प्राथना सभा



## एसईसीएल के 5 हजार सहित कोल इंडिया के 14 हजार सेवानिवृत्त कर्मी ग्रेच्युटी भुगतान से वंचित

# कोल इंडिया के सेवानिवृत्त कर्मियों को 20 लाख ग्रेच्युटी भुगतान का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कोल इंडिया की विभिन्न अनुषांगिक इकाईयों से सेवानिवृत हुए लगभग 14 हजार कोलकर्मी 20 लाख रुपये ग्रेच्युटी भुगतान से वंचित हैं। पिछले चार-पांच साल से लगातार इसको लेकर कोल इंडिया प्रबंधन के समक्ष मांग उठाई जाती रही है, लेकिन मजदूर संगठन से जुड़े नेताओं को इसमें सफलता नहीं मिली है।

ग्रेच्युटी की राशि के भुगतान के मामले को लेकर कुछ श्रमिकों ने न्यायालय में भी गुहार लगायी थी। इसके तहत कुछ माह पहले एएलसी नागपुर ने एक आदेश जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि जनवरी 2017 से फरवरी 2018 के बीच सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को ग्रेच्युटी की अंतर राशि का भुगतान करना है। दो महीने के अंदर राशि का भुगतान नहीं किया गया तो 10 फीसदी ब्याज के साथ कंपनी को भुगतान करना होगा। इस आदेश से सेवानिवृत्त कर्मियों में आस जगी। इसके भुगतान की प्रक्रिया क्या होगी, इसका निर्णय जेबीसीसीआइ नेताओं और कोल इंडिया प्रबंधन को करना था। उस वक्त मजदूर संगठन से जुड़े नेताओं का कहना था कि एएलसी नागपुर द्वारा दिये गये आदेश की स्टडी की जा रही है, लेकिन आज तक यह मामला अधर में है। सूत्रों की मानें तो 14 हजार सेवानिवृत्त कोलकर्मियों को अंतर राशि का भुगतान किया गया तो कोल इंडिया को लगभग 900 करोड़ रुपये लगेंगे। प्रबंधन का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा 20 लाख रुपया ग्रेच्युटी राशि करने से संबंधित एक्ट में संशोधन फरवरी 2018 से हुआ है। इसलिए मार्च 2018 से बढ़ी हुई ग्रेच्युटी की राशि दी जा रही है। दूसरी ओर श्रमिक संगठन से जुड़े नेताओं का कहना है कि एक जनवरी 2017 को कोयला अधिकारियों के लिए थर्ड पे कमीशन आया। इसके बाद कोल इंडिया के अधिकारियों को एक जनवरी 2017 से 20 लाख रुपया ग्रेच्युटी राशि के रूप में भुगतान किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जनवरी 2017 से लेकर फरवरी 2018 के बीच सेवानिवृत्त होने वाले कोलकर्मियों की संख्या 14 हजार के करीब है, इसमें सबसे ज्यादा लगभग 8 हजार कर्मी सीसीएल, एसईसीएल, बीसीसीएल व इसीएल के हैं।

### क्या है मामला

केन्द्र सरकार द्वारा ग्रेच्युटी संबंधित एक नोटिफिकेशन वर्ष 2018 में जारी किया गया था। इसमें ग्रेच्युटी भुगतान का सीलिंग 10 लाख रुपये से बढ़ा कर 20 लाख की गयी थी। इसके तहत कोल इंडिया में जनवरी 2017 से लेकर फरवरी 2018 के बीच सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों व कर्मियों को लाभान्वित होना चाहिए था, मगर कोल इंडिया ने जनवरी 2018 में एक आदेश जारी कर बताया कि एक जनवरी 2017 से फरवरी 2018 के बीच में सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों को ग्रेच्युटी के एरियर का 20 लाख रुपया भुगतान किया जायेगा।

### कामन चार्टर ऑफ डिमांड में शामिल है मांग

एटक नेता व जेबीसीसीआइ सदस्य लखनलाल महतो ने कहा है कि 20 लाख ग्रेच्युटी भुगतान का मामला चारों ट्रेड यूनियनों के कोल इंडिया प्रबंधन को 11वां वेतन समझौता को लेकर दिये गये कॉमन चार्टर ऑफ डिमांड में शामिल है। मामले को समय-समय पर कोल इंडिया एपेक्स व जेबीसीसीआइ मानकीकरण कमेटी में उठाया भी जा रहा है। एएलसी नागपुर द्वारा दिये गया आदेश हमलोगों के संज्ञान में है। इसकी भी स्टडी कर मजदूर हित में हमलोग कोल इंडिया प्रबंधन के समक्ष रख रहे हैं। साथ ही केंद्रीय कर्मचारियों की तरह पब्लिक सेक्टर के मजदूरों को भी 25 लाख ग्रेच्युटी राशि दिये जाने की मांग की जा रही है।

## तलवार से खुले में केक काटकर मनाया जश्न, आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हेलीपैड पर गुरुवार की रात कुछ युवकों द्वारा तलवार व चाकू की नोंक पर केक काटकर जश्न मनाया जा रहा था। सोशल मीडिया में मामला सामने आने के बाद पुलिस ने 8 लोगों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। सिविल लाईन थाना क्षेत्र के कांशीनगर व पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा में रहने वाले कुछ युवकों और नाबालिगों को पुलिस ने तलवार से केक काटते रंगे हाथों पकड़ लिया। जन्मदिन के जश्न के नाम पर सरेराह हथियारों का प्रदर्शन कर रहे इन रईसजादों की पार्टी पर मानिकपुर पुलिस ने पानी फेर दिया। पुलिस ने मौके से 3 फीट लंबी धारदार तलवार जब्त की है। जांजगीर-चांपा जिले के चांपा से 8-9 युवक और नाबालिग दो लग्जरी गाड़ियों में सवार होकर कोरबा पहुंचे थे। इनमें से एक नाबालिग का जन्मदिन था। स्कॉर्पियो की छत पर केक रखकर 3 फीट की तलवार से उसे काटा गया और तेज म्यूजिक पर शोर-शराबा शुरू कर दिया गया। इस बीच पुलिस की टीम मौके पर जा पहुंची और मनीष देवांगन सहित कुल 8 लोगों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## आबकारी की टीम पहुंची, शराब पकड़ने ग्रामीणों ने घेरा, पुलिस की टीम पहुंची तब लौटे वापस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आबकारी की टीम शराब पकड़ने के लिए एक गांव पहुंची हुई थी। जहां शराब पकड़ने पहुंची टीम को ग्रामीणों ने घेर लिया और जमकर हंगामा शुरू कर दिया। फिर क्या था घंटों हंगामा होता रहा जैसे ही इसकी सूचना पुलिस को मिली। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाइए के बाद आबकारी टीम वापस लाया गया। जहां आबकारी की टीम ने मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच शुरु कर दी है। देर रात तक इस मामले में ग्रामीणों के खिलाफ अपराध दर्ज हो सकता है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आबकारी विभाग की टीम शुक्रवार की शाम उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भैंसमा के पहरीपारा पहुंची हुई थी जहां आबकारी की टीम गांव में शराब की जांच पड़ताल के लिए टीम लगी हुई थी कि इसी दौरान आबकारी की छापामारी की कार्रवाई से नाराज ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा और आबकारी विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की गाड़ी को घेर लिया। इस दौरान आबकारी की गाड़ी भी पंचर हो गई थी और जमकर ग्रामीणों को हंगामा शुरू कर दिया। आबकारी विभाग के अधिकारी ने तत्काल इसकी सूचना सहायक आयुक्त आबकारी व पुलिस को दी गई जहां पुलिस के अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई जिसके उपरांत उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी दलबल सहित ग्राम पहरीपारा पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइए दी गई जिसके बाद आबकारी की टीम उनके साथ वापस पहुंची सूत्र बताते हैं कि आबकारी की टीम ने ग्रामीणों के खिलाफ लिखित शिकायत पुलिस से की है जिस पर पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज किया जा सकता है या पहली बार नहीं है कि आबकारी की टीम को ग्रामीणों ने घेरा है इससे पहले भी जिले के कई क्षेत्रों में इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी है।

**खास बात**
- उरगा थाना क्षेत्र के भैंसमा के पहरीपरा का मामला

## सूने मकान में चारों का धावा, सोने चांदी के जेवरात सहित लाखों का माल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रुद्रनगर खरमारो स्थित एक सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर सोने चांदी के जेवरात सहित लाखों का माल पार कर दिया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर चोरों की खोजबीन शुरु कर दी है।

सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत खरमोरा रुद्रनगर निवासी हर प्रसाद पटेल पिता स्व. धनीराम पटेल ने थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि पड़ोसी जिला रायगढ़ खरसिया में आरकेएम पावर प्लांट में कार्य करता है। 14 दिसंबर को उसके पड़ोसी के द्वारा सूचना दिया गया कि उसके मेन गेट व दरवाजा का ताला टुट हुआ है और घर का सामान बिखरा हुआ है, देखने से लग रहा है चोरी हुआ है और कुछ सामान गायब होने की संभावना लग रहा है की सूचना दिया गया। जिसके उपरांत हर प्रसाद पटेल अपने परिवार सहित अपने घर खरमोरा पहुंचे जहां उन्होंने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की तो उन्होंने पाया कि 10-11 दिसंबर की रात लगभग 12 बजे दो चोर के द्वारा मेन गेट का ताला तोड़ कर घर के अंदर अपने मुंह में कपड़ा बांधकर घुसकर घर में रखे डेढ़ तोला सोने का हार, 1 मंगल सूत्र 1 तोला, मराठी माला 1/2 तोला, कान का झुमका 1/2 तोला, 1 सोने की अंगूठी लभग 2 से 3 ग्राम व आधा किलो चांदी व एक उषा कंपनी का इंडेक्शन, एक सेविंग ट्रीमर, चांदी का गणेश भगवान का सिक्का 4 नग, 5 हजार रू. नगद व गुल्लक में रखे पैसे व एक पेटी संतुर साबुन व 2 किलो सर्फ एक्सल पाऊडर सहित लाखों का माल पार कर दिया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की खोजबीन शुरु कर दी है।

### कैंपर वाहन से बैटरी व टायर की चोरी

कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत आनंद नगर निवासी पप्पू दास उम्र 45 साल पिता स्व श्याम दास ने थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि पप्पू ने अपने घर के सामने कैंपर वाहन खड़ी किया था। 17 दिसंबर को पप्पू दास वाकर कंपनी का कैंपर क्रमांक एमपी 18 जेड सी 4405 से अपने दोस्त सौखीलाल निवासी बरपाली के पास गया था। शाम 6.30 बजे कैंपर वाहन को सौखी लाल के घर के पीछे खड़ी कर खाना खा रहा था खाना खाकर वापस करीबन 10:30 बजे वापस अपने वाहन के पास आया तो देखा कि कैंपर वाहन में टायर और बैटरी को कोई अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले लिया गया था। सौखीलाल ने बताया कि उसके घर के पीछे रहने वाला वीर शर्मा को टायर निकालते देखा हूँ। मामले में पुलिस ने वीर शर्मा के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसकी पतासाजी में जुट गई है।

Vedanta Medical Research Foundation
BALCO Medical Centre
बालको मेडिकल सेंटर के
(NABH से मान्यता प्राप्त अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल)
कैंसर रोग विशेषज्ञ द्वारा ओपीडी
20 दिसम्बर 2025 | सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक
स्थान : बालको हॉस्पिटल, बालको नगर, कोरबा
विश्वस्तरीय कैंसर विशेषज्ञों से परामर्श पाएं, चिंता मुक्त हो जाएं

डॉ. कृष्णा दिव्या
कैंसर रोग विशेषज्ञ
MBBS, - VMMC, Safdarjung Hospital, New Delhi
MD (General Medicine)-PGIMER &
Dr Ram Manohar Lohia Hospital, New Delhi
DrNB (Medical Oncology)-Metro Hospital
& Cancer Institute, Delhi
क्या इनमें से कोई भी लक्षण आपको चिंतित कर रहे हैं ?
- वज़न में बिना कारण कमी
- मल या मूत्र त्यागने की आदतों में बदलाव
- लगातार खाँसी, सिरदर्द या बदन दर्द
- निगलने में कठिनाई
- बार-बार बुखार या संक्रमण
- मुँह में बदलाव
- त्वचा (स्किन) में बदलाव
- पेट में दर्द या जी मचलना
- खून की कमी • पेट फूलना
- असामान्य गाँठ या उभार
- ठीक न होने वाले छाले/घाव
- स्तन में बदलाव
- मासिक धर्म चक्र में बदलाव या पेट के निचले हिस्से में दर्द
अपॉइंटमेंट के लिए कॉल करें : 7471130319
8282824444 नया रायपुर, छ. ग. balcomedicalcentre.com
ATUL